प्रादेशिक समाचार
10.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा है कि राज्य के कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों को इंटर्नशिप करने के लिए अब गांव भेजा जाएगा। इसके लिए छात्रों को सरकार 10 हजार रुपये भी देगी। श्री सोरेन जमशेदपुर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री सोरेन ने कहा कि राज्य में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की संख्या बढ़ायी जाएगी।

********************

पलामू जिले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय खोला जाएगा। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्य में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का यह छठा क्षेत्रीय कार्यालय होगा। बोर्ड के सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी ने एक महीने के अन्दर प्रमंडलीय मुख्यालय में बोर्ड के कार्यालय का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस क्षेत्रीय कार्यालय से पलामू, गढ़वा और लातेहार खनन इकाई, अस्पताल और प्रदूषण फैलाने वाली अन्य इकाइयों की नियमित जांच हो पायेगी।

********************

धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में कल रात शिशु रोग विभाग के डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों ने मारपीट की, जिसके विरोध में चिकित्सकों ने आज कार्य बहिष्कार कर दिया है। इमरजेंसी में भी पहुंचने वाले मरीजों को लौटा दिया गया, जिससे मरीज और उनके परिजन परेशान रहे। हालांकि आज दोपहर से डॉक्टर काम पर लौट गए हैं।

********************

समाज को जीयो और जीने दो का सन्देश देने वाले भगवान महावीर की जयंती पर आज राज्यभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर जैन समाज के लोगों ने रांची, खूंटी, सिमडेगा, पाकुड़, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद सहित अन्य शहरों में शोभायात्रा निकाली। गिरिडीह में शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु उत्साहित दिखे। एक महिला श्रद्धालु ने कहा कि समाज को भगवान महावीर के बताये रास्ते पर चलने की जरूरत है।

उधर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस अवसर पर जैन समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

********************

गुमला जिले में जल शक्ति अभियान– कैच द रेन 2025 के तहत् वर्षा जल के अधिकतम संचयन और संरक्षण को लेकर अभियान शुरू किया गया है ।

********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची, गुमला और देवघर समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज और कल तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात होने की भी चेतावनी दी गयी है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवा के कारण राज्य के मौसम में बदलाव दिख रहा है।

*******समाप्त*******